भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1110

उत्तर देने की तारीख- 05.02.2026

ग्रामीण और दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में ईएमआरएस

1110. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार जनजातीय बहुल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो स्वीकृत ईएमआरएस के लिए भूमि पहचान से लेकर निर्माण पूरा होने तक निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य अधूरे होने के कारण विद्यार्थियों को किराए के अथवा अस्थायी भवनों में रहकर अध्ययन करना पड़ रहा है;

(घ) यदि हाँ, तो ऐसे विद्यालयों के स्थायी भवनों के पूर्ण होने तथा विद्यालयों के पूर्ण रूप से क्रियाशील होने हेतु अपेक्षित औसत समय-सीमा क्या है; और

(ङ) क्या किराये या अस्थायी भवनों में संचालित ईएमआरएस के संचालन की समय-सीमा को सीमित करने हेतु कोई विशिष्ट समय-सीमा या दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख) मौजूदा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) योजना दिशानिर्देशों के अनुसार, जनजातीय छात्रों को उनके अपने वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और कम से कम 20,000 जनजातीय व्यक्तियों (2011 की जनगणना के अनुसार) वाले प्रखंडों (ब्लॉक) में ईएमआरएस स्थापित किए जाते हैं। इस योजना के तहत, भूमि की पहचान के लिए कोई निर्धारित समय सीमा नहीं है, हालांकि राज्य सरकारों से नियमित रूप से तत्काल आधार पर भूमि प्रदान करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमआरएस की कुल निर्माण अवधि संबंधित राज्य सरकार द्वारा बाधा मुक्त भूमि उपलब्ध कराने के बाद मैदानी क्षेत्र के लिए 24 महीने और वामपंथी उग्रवाद/पहाड़ी/पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए 30 महीने है।

(ग) से (ङ) राज्य सरकारें वर्तमान में कुछ ईएमआरएस को किराए और अन्य सरकारी भवनों से चला रही हैं, जहां स्थायी परिसरों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है।

*****